Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme in Janjgir-Champa district, Chhattisgarh-laid.

श्री गुहाराम अजगल्ले (जांजगीर-चांपा): मैं सरकार का ध्यान अपने लोक सभा संसदीय क्षेत्र जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ की ओर दिलाना चाहता हूँ । छत्तीसगढ़ के जिला जांजगीर में दिशा समिति की बैठक दिनांक 06 सितम्बर, 2019 को हुई थी । उक्त बैठक में मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान किए गए कार्यों का वित्तीय प्रदर्शन का विवरण प्रस्तुत किया गया और दिशा समिति को अवगत कराया गया (DCP) डीपीसी द्वारा प्रशासनिक व्यय 18.89 लाख रुपए खर्च का विवरण दर्शाया गया ।

जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ के दिशा समिति के अध्यक्ष द्वारा डीपीसी द्वारा किए गए खर्च की जानकारी मांगी गयी, दो वर्ष होने जा रहे हैं लेकिन अभी तक जानकारी नहीं दी गयी है ।

अतः ग्रामीण विकास विभाग के माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, डीपीसी द्वारा किए गए प्रशासनिक व्यय का विवरण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश जारी करने की कृपा करे ।